# रेल पटरी पर खड़ा बुजुर्ग, ड्राइवर ने ट्रेन रोकी

- जमीन बिक जाने से दुखी थे 80 साल के बुजुर्ग

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 5 मई. 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोय' यह कहावत उस समय सच हो गई जब एक 80 साल का बुजुर्ग आत्महत्या करने के लिए रेल पटरी खड़े होने के बाद भी चमत्कारी रूप से बच गया. इस घटना में ट्रेन ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए ट्रेन रोक दी. जिससे बुजुर्ग की जान बच गई.**



यह घटना मंगलवार दोपहर के समय सलामतपुर थाने के रातातलाई रेल्वे फाटक के नजदीक की रेल्वे पटरियों पर हुई है. सलामतपुर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उनको सूचना मिली थी कि कोई बुजुर्ग आत्महत्या करने के लिए ट्रेन के सामने खड़ा हो गया है. थाने से तत्काल प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा, संजय सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक नवीन और आरक्षक रोहित गोस्वामी रातातलाई रेल्वे फाटक पर पहुंचे और बुजुर्ग को सलामतपुर थाने ले आए. बुजुर्ग ने अपना नाम लक्ष्मीनारायण दीक्षित ( 80) निवासी बामोरा गांव थाना करारिया जिला विदिशा का होना बताया. उन्होंने बताया कि वह अपनी खेती की जमीन बिकने के बाद से बहुत दुखी हैं. इसलिए परेशान होकर आत्महत्या करने रेल्वे लाइनों पर खड़े हो गए थे. वो तो गनीमत रही कि भोपाल से विदिशा की ओर जा रही मालगाड़ी ट्रेन के ड्राइवर ने समय रहते ट्रेन को रोक दिया जिसकी वजह से बुजुर्ग की जान बच गई. सांची स्टेशन मास्टर को घटना की जानकारी दी. स्टेशन मास्टर ने सांची थाने को सूचना दी, परंतु क्षेत्र सलामतपुर थाने का होने के कारण सलामतपुर पुलिस को सूचना दी गई.

### बुजुर्ग के हैं 8 बेटे, सूचना के बाद भी कोई नहीं पहुंचा थाने

लक्ष्मीनारायण दीक्षित के 8 बेटे हैं. जिनमें से 3 बामोरा गांव में ही रहते हैं और अन्य भोपाल और कुछ विदिशा जिले में रहते हैं. जब परिजनों को सलामतपुर पुलिस ने फ़ोन पर घटना की जानकारी दी तो 5 घंटे बाद भी कोई परिजन उन्हें लेने थाने नही पहुंचे. काफी समय होने के बाद पुलिस ही बुजुर्ग लक्ष्मीनारायण को उनके घर बामोरा गांव परिजन के सुपुर्द कर के आई. परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह से ही उनका कुछ पता नही चल रहा था. हमने ढूंढा लेकिन कहीं नही मिले थे.

### कुछ समय पहले ही बिकी है जमीन

बुजुर्ग लक्ष्मीनारायण दीक्षित की बामोरा गांव में खेती की ज़मीन थी. जो सभी लड़कों की सहमति से कुछ समय पहले ही 18 लाख रुपये में बेची गई है. ज़मीन बिकने के बाद ही बुजुर्ग सदमे और दुखी थे. उनकी पत्नी का भी लगभग 1 वर्ष पहले ही देहांत हो चुका है. इसी बात से दुखी होकर उन्होंने इतना बड़ा कदम उठाया था.

मंगलवार को सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति ट्रेन के सामने आत्महत्या करने गया है. मालगाड़ी के ड्राइवर ने बुजुर्ग को दूर से ही देख लिया था और समझदारी दिखाते हुए ट्रेन रोक दी जिससे लक्ष्मीनारायण दीक्षित की जान बच गई. परिजन सूचना के बाद भी थाने नही आए तो हमने बुजुर्ग को उनके घर पहुंचकर परिजनों से मिलवा दिया.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर

## सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन 15 तक

**रायसेन, 5 मई.** रायसेन जिले में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के तहत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए जिला स्तरीय और विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार तथा जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार योजना के तहत उन्नतशील कृषकों से 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 25 हजार रू, विकासखंड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 10 हजार रू की राशि प्रदान की जाती है. इन पुरस्कारों हेतु आवेदन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर के पास उपलब्ध हैं.

## श्रीवास्तव कायस्थ महासभा द्वारा सम्मानित

**उदयपुरा, 5 मई.** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की रायसेन जिले की इकाई द्वारा आयोजित किए गए कायस्थ महासमागम में पत्रकार ओमप्रकाश श्रीवास्तव को पत्रकारिता में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया. सम्मानित होने पर अनेक लोगों ने श्रीवास्तव को बधाई दी है.

# अवैध शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

- सलामतपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**सलामतपुर, 5 मई. सलामतपुर पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में 46 क्वार्टर अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे, एसडीओपी के मार्गदर्शन और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में की गई है.**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि हलाली डेम रोड पर एक व्यक्ति सफेद झोले में शराब बेचने के लिए खड़ा है.सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक नवीन मौके पर पहुंचे तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा.पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ और झोले की जांच करने पर उसमें 22 क्वार्टर अवैध शराब पाई



गई.पुलिस ने मौके से शराब ज़ब्त कर आरोपी संतोष धानक पिता सुखलाल धानक निवासी हलाली डेम के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है.वहीं दूसरे मामले में सलामतपुर की शुक्ला कॉलोनी से हफीज उर्फ यूसुफ खान पिता मेहबूब खान को 24 क्वार्टर के साथ प्रधान आरक्षक संजय सिंह चौहान और आरक्षक रोहित गोस्वामी ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है.

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है.

# बाड़ी पुलिस नहीं करती वाहनों की चैकिंग





**बाड़ी, 5 मई. एक तरफ प्रदेश भर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं बाड़ी नगर में पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा. आलम यह है कि शहर की सड़कों पर युवा मॉडिफाइड साइलेंसर लगी गाड़ियों के साथ मौत का खेल खेल रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर ररहे.**

नगर के मुख्य मार्गों से लेकर रिहायशी इलाकों तक बुलेट और अन्य बाइकों में लगे अवैध साइलेंसरों का शोर आम जनता के लिए मुसीबत बन गया है. इन गाड़ियों से निकलने वाली 'पटाखों' जैसी आवाज न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ा रही है, बल्कि बुजुर्गों और दिल के मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रही है. आश्चर्य की बात यह है कि ये मनचले पुलिस थानों और चौकियों के सामने से फर्राटा भरते हुए गुजरते हैं. मगर पुलिस इन्हें रोकने की जहमत तक नहीं उठाती. बाड़ी की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है. अव्यवस्थित पार्किंग और बिना नंबर की गाड़ियों ने पैदल चलना दूभर कर दिया है. बाड़ी पुलिस की इस सुस्ती ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस द्वारा न तो गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है और न ही नियम तोड़ने वालों पर कोई जुर्माना लगाया जा रहा है.

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन 'शोर मचाते साइलेंसरों' और बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर लगाम नहीं कसी गई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे.इस संबंध में जब बाड़ी थाना प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने कहा कि चौराहे पर खड़े नहीं होते हैं लेकिन चैकिंग की जाती है. चालानी कार्रवाई भी की जाती है.

# कथा के पहले दिन निकली कलश यात्रा



**बेगमगंज , 5 मई. नगर के कोलू घाट मंदिर में चल रही श्री राम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पहले दिन तिरुपति बालाजी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए. कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया भागवत जी का सम्मान किया गया.**

यज्ञ में श्री गणेश पूजन करके यज्ञ को प्रारंभ किया गया. यज्ञ के आचार्य रामगोपाल शास्त्री एवं उप आचार्य पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यज्ञ हमारी भारतीय संस्कृति का मुख्य अंग है यज्ञ से ही संपूर्ण औषधियो का प्रादुर्भाव हुआ है . यज्ञ करने से हमारे क्षेत्र में वातावरण शुद्ध होता है एवं हमारे घरों में नकारात्मक एनर्जी दूर होती है. कथा वाचक पंडित रोहित रिछारिया ने कथा प्रारंभ कर भक्तिनारद संवाद सुनाया एवं धुंधकारी का प्रसंग सुनाया. कथा के मुख्य यजमान चिरोंजी लाल श्रीवास्तव एवं उनकी धर्मपत्नी त्रिवेणी भाई श्रीवास्तव है. यज्ञ के यजमान विनोद श्रीवास्तव हैं

### वनगवां गांव में पंचकुंडीय श्रीराम यज्ञ का आयोजन

**सलामतपुर, 5 मई.** वनगंवा गांव के हनुमान मंदिर ठाकुर मोहल्ला में 3 से 9 मई तक पंचकुंडीय श्रीराम यज्ञ का आयोजन हो रहा है.यज्ञ का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं 4 बजे से 6 बजे तक और कथा का समय दोपहर 01 बजे से 04 बजे तक रखा गया है. यज्ञ में यज्ञाचार्य एवं कथाव्यास पं. रामजीकृष्ण महाराज ने बताया कि कलयुग में श्रीराम नाम अधारा, यानि भगवान श्री राम के यज्ञ के दर्शन करने मात्र से पाप कट जाते हैं. इस दौरान शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा, श्री हनुमानजी की पुर्नस्थापना होगी.कार्यक्रम में महंत भोलेस्वरूप ब्रम्हचारी सरियन अब रामपुर मंदिर, तपोमूर्ती शंकरानंद महाराज सिद्ध स्थान सगरझिरी का सानिध्य प्राप्त होगा.यज्ञीय कार्यक्रम



में बुधवार 6 मई देर्वाचन एवं हवन, गुरुवार 7 को देर्वाचन एवं हवन, शुक्रवार 8 मई को देर्वाचन एवं मूर्ति स्थापना होगी. शनिवार 9 मई को पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा.

### बरजोरपुर में महायज्ञ और भागवत कथा आयोजित

**सलामतपुर, 5 मई.** सरार ग्राम पंचायत के बरजोरपुर गांव में आयोजित श्रीराम महायक्ष और श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन भगवान शिव के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया. खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन और भजन-कीर्तन का क्रम जारी रहा. आयोजन में आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं. कथा वाचक श्रीजी की राधे ने कथा के दौरान शिव महिमा, उत्पत्ति और महत्व को समझाया गया. जैसे-जैसे प्रसंग आगे बढ़ा श्रद्धालु हर हर महादेव और बोल बम के साथ भक्ति में लीन हो गए. कई भक्त पंडाल में नृत्य करते भी दिखाई दिए. दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया,निनोद, सरार, कायमपुर, संग्रामपुर, करैया और गीदगढ़ सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग कथा श्रवण के लिए पहुंचे। आयोजन समिति ने बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की है.

# जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं



**रायसेन, 5 मई.** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया. कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देशित किया गया. जनसुनवाई में जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे.

# किसानों से डीपी लगाने के नाम पर 60 हजार की वसूली

- किसानों ने ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

**सिलवानी, 5 मई. ग्राम भानपुर और चुन्हैटिया के किसानों ने विद्युत विभाग के प्राइवेट ठेकेदारों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया. किसानों ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर और एसपी के नाम अनुविभागीय अधिकारी कार्यलय पहुंच कर एसडीएम कार्यालय में पदस्थ सोहेल खान को ज्ञापन सौंपा है.**



किसानों का कहना है कि डीपी और पोल लगाने के नाम पर उनसे 60 हजार रुपये लिए गए लेकिन एक माह बाद भी काम नहीं हुआ जिससे फसलें सूखने लगी हैं. ज्ञापन में केशव अहिरवार, राजू अहिरवार, भुजवल अहिरवार, सुभाष अहिरवार, मोहन केवट और अभिषेक शाक्या सहित अन्य किसानों ने बताया कि ठेकेदार प्रेम शर्मा और मनीष शर्मा ने 1.60 लाख रुपये में डीपी स्थापित करने और पोल लगाने की बात तय की थी. इसमें से किसानों से 60 हजार रुपये एक माह पूर्व ले लिए गए. ठेकेदारों ने 25 दिन में डीपी लगाने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक कोई कार्य नहीं किया गया.

किसानों ने बताया कि समय पर बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से उनकी फसलें सूख रही हैं और आर्थिक नुकसान हो रहा है. मामले में किसानों ने थाने में भी आवेदन दिया लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनसे ली गई राशि वापस दिलाई जाए.

# भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न



**सिलवानी, 5 मई** भारतीय जनता पार्टी मंडल सिलवानी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी की जीत पर उत्साहपूर्वक जश्न मनाया. यह कार्यक्रम स्थानीय बजरंग चौराहा पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए.

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और जीत का जश्न मनाया. कार्यक्रम के दौरान आकर्षक आतिशबाजी भी की गई, जिसने माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया.इस अवसर पर भाजपा युवा नेता दुर्गेश राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, विभोर नायक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

बाजार

### रायसेन जिले में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

# गर्मी में मटकों की बिक्री में हुआ इजाफा

**सलामतपुर,5 मई. अब गर्मी का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है. रायसेन जिले में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है.नगर सहित जिले भर में दोपहर के समय गर्मी का प्रकोप ज्यादा बढ़ने के साथ ही अब बाजार में शीतल पेय पदार्थों की दुकानों बिक्री बढ़ गई हैं. इसके अलावा इन दिनों मिट्टी के घड़े, मटके आदिं की खूब बिक्री हो रही है.**

नगर के सुनारी रोड, शुक्रवार हाट बाजार, बस स्टैंड मंदिर के साथ ही बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र आदि विभित्र स्थानों पर मिट्टी के घड़ों की दुकानें लगी हुई हैं. बड़ी संख्या में लोग मिट्टी के घड़ों की खरीददारी कर रहे है.यह बात अलग है कि इस वर्ष मिट्टी के घड़ों के रेट पहले की अपेक्षा ज्यादा है.चर्चा के दौरान घड़े विक्रेता ने



बताया कि बढ़ती हुई महंगाई के चलते मिट्टी के घड़े अथवा मटकों की कीमत भी बढ़ाने को मजबूर होना पड़ा है. गौरतलब है कि गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही अब लोगों के घरों में मच्छरों का आंतक भी बढ़ गया है. उल्लेखनीय है कि एक ओर जहां मच्छरों का आंतक दिन पर दिन बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर शहर की नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने वाले विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं.

### मौसमी बीमारियों से पीड़ित हो रहे लोग

नगर के कैलाश गोस्वामी, दीपक अहिरवार, मयंक साहू सहित अन्य लोगों का कहना है कि मच्छरों के आंतक के चलते सप्ताह में एक बार संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को नालियों आदि में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराना चाहिए ताकि मच्छरों का खात्मा हो सके. गर्मी के मौसम में बीमारियां भी पांव पसार रही है जिससे लोग वायरल फीवर के साथ ही खांसी-जुखाम आदि से भी पीड़ित हो रहे है.इन मौसमी बीमारियों के फैलने से सरकारी अस्पताल सहित निजी क्लीनिकों पर भी लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है.

### इनका कहना है

मेरे परिवार में 11 लोग हैं. परिवार का मुख्य काम मिट्टी के मटके, दिये, बर्तन व तवा आदि सामान बनाकर बेचना है.इसी से मेरे परिवार का जीवन यापन होता है.लेकिन कोरोना वायरस के कारण मटका आदि समान नही बिक रहा है.सरकार को हमारी मदद करनी चाहिए.

**शांति बाई प्रजापति,** मिट्टी के बर्तन बेचने वाली महिला

सभी चीजों के दाम बढ़ गए हैं.जिसके चलते ही मटकों के दाम भी बढ़े हैं.गर्मी को देखते हुए बाजार में मटके की मांग बनी हुई है.महंगाई की मार से देसी फ्रिज कहे जाने वाले मटके भी अछूते नहीं हैं.मटके के निर्माण के लिए मिट्टी, पैरा व लकड़ी सभी सामग्री खरीदनी पड़ती है.सभी के दामों में बढ़ोतरी हुई है.

**यादराम प्रजापति,** मटका विक्रेता

पहले गांव में मिट्टी ही मिल जाती थी.अब बहरोड़ के पास पांच से छह हजार रुपए किराया देकर मिट्टी मंगा रहे हैं.मटका तैयार होने के बाद पकाने के लिए पदाड़ी भी 600 रुपए क्विंटल से लेकर 1000 रुपए क्विंटल लेनी पड़ती हैं.इसलिए मटके के दाम भी बढ़ना स्वभाविक है।

**गुरुदयाल प्रजापति,** मटका विक्रेता

# संत रविदास स्वरोजगार योजना में किए आवेदन आमंत्रित

- 8वीं पास बेरोजगारों को दिया जाएगा लोन
- 50 लाख तक की इकाई कर सकते हैं स्थापित

**रायसेन, 5 मई. अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है. वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 8वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को लाभान्वित करने 40 इकाई का लक्ष्य प्राप्त हुआ है.**

आवेदक स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से एक लाख से 50 लाख रुपए तक का उद्योग इकाई और सेवा इकाई के लिए एक लाख से 25 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा. योजना के तहत स्वीकृत इकाई लागत पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक ब्याज अनुदान देय होगा. संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 45 वर्ष तक की आयु के नागरिक आवेदन कर सकते हैं. आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा पूर्व में किसी बैंक या शासकीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए. शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 08वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रू से अधिक नहीं होना चाहिए. आवेदक वर्तमान में राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभार्थी ना हो. योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को samsat.mponline.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा. योजनाओं तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन में क.न.-56 स्थित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कार्यालय में तथा मोबाइल नम्बर 9691413912 पर सम्पर्क किया जा सकता है.